दिन–बुधवार दिनांक– 17 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

मनरेगा के स्थान पर नये विधेयक के नाम को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बयानबाजी का दौर जारी है। समस्तीपुर से लोजपा रामविलास की सांसद शाम्भवी चौधरी ने कहा है कि विपक्ष इस मुद्दे पर बिना मतलब की बात कर रहा है। उन्होंने दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत करते हुये कहा कि गांधीजी का ही विचार था की राम राज स्थापित होना चाहिए। श्रीमती चौधरी ने कहा कि नये विधेयक में काम के दिनों को बढ़ाया जा रहा है, जिससे आजीविका की सम्भावनाएं बढ़ेगी। इधर, राजद सांसद मनोज झा ने आरोप लगाया कि सरकार ने मनरेगा योजना में हुइ गड़बड़ियों को ढकने के लिए रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन विधेयक दो हजार पच्चीस लाया है। श्री झा ने कहा कि मनरेगा योजना ने देश को एक सुरक्षा कवच दिया था, लेकिन सरकार इस योजना को मजबूत बनाने की बजाय इसकी आत्मा को ही खत्म कर रही है।

———————————————————————

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारतीय रेलवे ने दो हज़ार किलोमीटर से ज़्यादा रूट पर कवच सिस्टम चालू कर दिया है। श्री वैष्णव ने आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रेलवे ने स्वदेशी रूप से विकसित कवच ट्रेन सुरक्षा प्रणाली को चार हज़ार एक सौ चौवन लोकोमोटिव पर सफलतापूर्वक स्थापित किया है। रेलवे ने यात्रियों और ट्रेन संचालन की सुरक्षा बढ़ाने के लिए स्वदेश में ही ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम कवच शुरू किया है। इससे कोहरे के दिनों में रेलगाड़ियों के सुरक्षित परिचालन में विशेष सहायता मिलती है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज बिपार्ड, गया में राज्य के प्रमंडलीय आयुक्तों और जिला पदाधिकारियों की दो दिवसीय कार्यशाला– मंथन का उद्‌घाटन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य अधिकारियों का क्षमतावर्धन करना है। मंथन कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिला–केंद्रित शासन प्रणाली को और मजबूत करना, नीति निर्माण और जमीनी स्तर पर उसके प्रभावी क्रियान्वयन के बीच समन्वय स्थापित करना तथा अनुभव साझा कर प्रशासनिक दक्षता को बढ़ाना है। कार्यशाला के दौरान उत्तरदायी शासन, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, शहरी विकास की चुनौतियाँ, प्रभावी प्रशासन हेतु विधिक ढांचा और लोक–निजी भागीदारी जैसे अहम विषयों पर विचार–विमर्श किया जा रहा है। इसके

अलावा राज्य के वरीय प्रशासनिक पदाधिकारी समकालीन शासन चुनौतियों और भविष्य उन्मुख प्रशासनिक प्राथमिकताओं पर गहन विचार विमर्श करेंगे। कल समापन समारोह को उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी संबोधित करेंगे।

———————————————————————

प्रदेश के सभी प्रारंभिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की प्रोन्नति प्रक्रिया जनवरी महीने से शुरू होगी। शिक्षा विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्राथमिक शिक्षा निदेशालय और माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने प्रोन्नति प्रक्रिया को लेकर कार्रवाई तेज कर दी है।

———————————————————————

जहानाबाद की एक स्थानीय अदालत ने हत्या के मामले में दोषी पांच लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इन सभी पर दस–दस हजार रूपये का अर्थदंड भी लगाया है। इधर, अररिया के व्यवहार न्यायालय स्थित उत्पाद अदालत ने शराब बरामदगी मामले में दोषी एक व्यक्ति को पांच वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने एक लाख रूपये का अर्थदंड भी सुनाया है।

———————————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के अधिकतर भागों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं दर्ज किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों तक राज्य के उत्तर–पश्चिम और उत्तर–मध्य भागों में विभिन्न स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने की सम्भावना है। विभाग ने इसे लेकर अलर्ट जारी किया है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान भागलपुर का सबौर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान नौ दशमलव एक डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।

———————————————————————

शेखपुरा पुलिस महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाये गये अभ्या बिग्रेड और महिला हेल्पलाईन डेस्क को लेकर जागरूकता अभियान चला रही है। इसी कड़ी में तरछा मोहल्ले में एक कोचिंग संस्थान में पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं से जानकीर साझा की।

———————————————————————

सिख पंथ के दसवें और अंतिम गुरु गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के तीन सौ उनसठवें प्रकाश पर्व को लेकर आज तीसरे दिन प्रभात फेरी निकाली गयी। प्रकाश पर्व का मुख्य समारोह सत्ताईस दिसम्बर को होगा।

———————————————————————